SAMPLE QUESTION PAPERS

Part II Second Language

HINDI

Std. XII

www.StudyGhadia.com

Department of Education
Govt. of Kerala
SCERT 2006

Prepared by

State Council of Educational Research and Training
Vidyabhavan, Poojappura, Thiruvananthapuram-12, Kerala

सामान्य मार्गनिर्देश

कार्यकालांत मूल्यांकन के लिए गतिविधियाँ तैयार करते समय निम्नांकित बातों पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। गतिविधियाँ इनके अनुरूप होने चाहिए।

- प्रश्न-पत्र विस्तृत रूपरेखा (*Design and Blue Print*) के आधार पर तैयार करें।
- सभी प्रश्न पाठ्यचर्या उद्देश्यों पर आधारित हों।
- एक से अधिक पाठ्यचर्या उद्देश्यों को मिलाकर या एक पाठ्यचर्या उद्देश्य को विभाजित कर उसके आधार पर प्रश्न तैयार किया जा सकता है।
- प्रश्न अध्येता की उच्च चिंतन प्रक्रिया को उजागर करनेवाले हों।
- प्रश्न-पत्र में वस्तुनिष्ठ, लघूत्तर और निबंधात्मक प्रश्नों का समावेश करें।
- वस्तुनिष्ठ, लघूत्तर और निबंधात्मक प्रश्न एक निश्चित क्रम में आएँ, यह ज़रूरी नहीं है।
- केवल स्मृति परखने लायक प्रश्न छोड़ दें।
- छात्रों के सृजनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने में सहायक खुलांत प्रश्नों (*Opne ended Questions*) का समावेश हों।
- प्रश्न-पत्र की सूचनाएँ सरल, स्पष्ट एवं संक्षिप्त हों।
- प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या नियत (*fixed*) नहीं होनी चाहिए। हर बार प्रश्नों की संख्या में कमोबेशी हो।
- प्रश्नों के क्रम में भी एकरूपता नहीं होनी चाहिए।

www.StudyGuideIndia.com

- एक प्रश्न-पत्र में स्कोर के 20% तक विकल्प (*choice*) दे सकते हैं। ऐसे अवसरों पर एक विकल्प में आनेवाले प्रश्नों की चिंतन प्रक्रियाएँ समान हों।
- प्रश्न के लिए समय नियत करते वक्त वाचन, मनन-चिंतन, लेखन आदि पर ध्यान दें।
- निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखने में सहायक संकेत प्रश्न-पत्र में दें।
- परीक्षा की अवधि 2½ घंटे होंगे। इसके अलावा पंद्रह मिनट का *कूल ऑफ़ टाइम* भी दिया जाएगा।
- एक प्रश्न का अधिकतम स्कोर पूर्णांक के 10-13 प्रतिशत से अधिक न हों।
- प्रश्न-पत्र में प्रत्येक प्रश्न का स्कोर अंकित करें।

मूल्यांकन सूचक

- मूल्यांकन सूचक चिंतन प्रक्रियाओं के आधार पर हों।
- मूल्यांकन किए जानेवाले तत्व स्पष्ट व निर्दिष्ट हों।
- खुलांत प्रश्नों के मूल्यांकन सूचकों में विविधता हो। अर्थात् उनमें विचारों की क्रमबद्धता, प्रासंगिकता, मौलिकता, सृजनात्मकता, प्रस्तुतीकरण आदि का समावेश हों।
- स्कोर का विवेक युक्त विभाजन हो।
- जब छात्र स्वनिर्मित ज्ञान को प्रस्तुत करेगा, तब भाषाई शुद्धता पर अधिक बल न दें।

www.StudyGuideIndia.com

पाठ्यचर्या उद्देश्य

बारहवीं कक्षा में कार्यकालांत मूल्यांकन के लिए निम्नांकित पाठ्यचर्या उद्देश्य निश्चित हैं। प्रश्न इन्हीं पर आधारित हों।

- द्विवेदीयुगीन कविता का आशय ग्रहण करने, आस्वादन करने तथा टिप्पणी तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।
- दैनिक जीवन में उपयोगी छोटे-छोटे वाक्यांश, वाक्य, संवाद, परिच्छेद, छोटी-छोटी कहानियाँ आदि का आशय ग्रहण करने, स्रोतभाषा एवं लक्ष्यभाषा की संरचनाएँ समझने और लक्ष्यभाषा में अनुवाद करने की क्षमता प्राप्त करना।
- कहानियों का आशय ग्रहण करने, भाषा-शैली से परिचय पाने, आस्वादान करने, टिप्पणी तैयार करने तथा विधांतरण करने की क्षमता प्राप्त करना।
- समकालीन कविता का परिचय पाना, आशय ग्रहण करना, आस्वादन करना, टिप्पणी तैयार करना तथा विधांतरण करने की क्षमता प्राप्त करना।
- निबंध का आशय-ग्रहण करने, भाषा-शैली समझने, सृजन करने तथा विधांतरण करने की क्षमता प्राप्त करना।
- गद्यांशों का आशय समझने तथा उसका सार संक्षेप में लिखने की क्षमता प्राप्त करना।
- विभिन्न प्रकार के वैयक्तिक पत्रों से परिचय पाना, पत्र की पूर्ति करना, भाषा-शैली समझना तथा पत्र का सृजन करना।
- संस्मरणात्मक रेखाचित्र का परिचय पाना, आशय ग्रहण करना, भाषा-शैली समझना एवं विधांतरण करने की क्षमता प्राप्त करना।

www.StudyGuideIndia.com

- डाक, बैंक, रेलवे और बीमा से संबंधित पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाने, अर्थ समझने, अनुवाद करने तथा प्रयोग करने की क्षमता प्राप्त करना।
- लघुकथा से परिचय पाने, आशय ग्रहण करने, आंचलिक शब्दों का परिचय पाने, शैली समझने एवं टिप्पणी तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।
- विज्ञापन का आशय-ग्रहण करने, विश्लेषण करने, मूल्यांकन करने तथा विज्ञापन तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।
- छायावादी कविता का वाचन करने, आशय ग्रहण करने, आस्वादन करने तथा टिप्पणी तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।

www.StudyGuideIndia.com

चिंतन प्रक्रियाएँ

मूल्यांकन अध्ययन-प्रक्रिया के साथ-साथ चलनेवाला कार्य है। इसमें अध्येता की चिंतन प्रक्रियाओं को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। वास्तव में उपज तक पहुँचने में अध्येता जिन-जिन चिंतन प्रक्रियाओं से होकर गुज़रता है, उन्हीं का मूल्यांकन होता है। शिक्षा शास्त्रियों ने इन चिंतन प्रक्रियाओं पर गहन चिंतन किया है। मुख्य चिंतन प्रक्रियाएँ निम्नांकित हैं।

1 तथ्यों/विचारों को दोहराता है, पुनःस्मरण करता है तथा पुनःप्राप्त करता है।

2 पूर्वानुभवों का, नए ज्ञान से संबंध स्थापित करता है तथा प्राथमिक धारणा पर पहुँचता है।

3 साम्य और वैषम्य का पता लगाता है।

4 ज्ञान का उचित रूप से वर्गीकरण करता है तथा उसे क्रमबद्ध करता है।

5 अर्जित ज्ञान का अंतरण (*Transfer*) करता है तथा उसका नए संदर्भ में प्रयोग करता है।

6 कार्य-कारण संबंध स्थापित करता है।

7 पूर्व ज्ञान का नए ज्ञान से संबंध जोड़ता है। विवेक से काम लेता है तथा अनुमान लगाता है।

8 ज्ञान/विचार को विभिन्न विधाओं द्वारा अभिव्यक्त करता है।

9 अर्जित ज्ञान के आधार पर कल्पना करता है, रूपायित करता है तथा पूर्वानुमान लगाता है।

10 तर्कसंगत विश्लेषण करता है, समर्थन करता है, मूल्यांकन करता है, निष्कर्ष पर पहुँचता है, आस्वादन करता है, सृजन करता है।

www.StudyGuideIndia.com

SAMPLE
QUESTION PAPER - 1

www.StudyGuideIndia.com

CONTENT

- Weightage to Curriculum Objectives
- Weightage to Type of Questions
- Blue Print
- Question Paper
- Scoring Key
- Questionwise Analysis

1. WEIGHTAGE TO CURRICULUM OBJECTIVES

Sl. No.	*Unit/Curriculum Objectives*	*No. of Qns*	*Score*	*% of Score*
1	• समकालीन कविता पढ़कर आस्वादन करना।	1	8	10
2	• स्रोतभाषा से लक्ष्यभाषा में अनुवाद करना।	1	8	10
3	• पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाना।	1	6	7.5
4	• वैयक्तिक पत्र लिखना।	1	8	10
5	• गद्यांश का डायरी के रूप में विधांतरण करना।	1	6	7.5
6	• गद्यांश का सार संक्षेपण करना।	1	5	6.25
7	• गद्यांश पढ़कर आशय ग्रहण करना।	1	4	5
8	• कहानी पढ़कर समझना तथा पात्रों का संवाद तैयार करना। अथवा • दैनिक जीवन के विभिन्न संदर्भों में वार्तालाप/संवाद तैयार करना।	1	6	7.5
9	• निबंध पढ़कर आशय ग्रहण करना तथा उसका विधांतरण करना।	1	6	7.5
10	• निबंध/आलेख तैयार करना।	1	10	12.5
11	• कहानी/घटना को संवादात्मक शैली में लिखना।	1	7	8.75
12	• विज्ञापन तैयार करना।	1	6	7.5
	Total	**12**	**80**	**100**

www.StudyGuideIndia.com

2. WEIGHTAGE TO TYPE OF QUESTIONS

Sl. No.	*Type of Question*	*No. of Qns*	*Score*	*% of Score*
1	वस्तुनिष्ठ	1	06	07.5
2	लघूत्तर	7	40	50
3	निबंधात्मक	4	34	42.25
4	अन्य	0	0	0
	कुल	**12**	**80**	**100**

www.StudyGuideIndia.com

3. BLUE PRINT

Curriculum Objectives	*Question Type*				*Total Score*
	O	*SA*	*E*	*Other*	
• समकालीन कविता पढ़कर आस्वादन करना।			8		8
• स्रोतभाषा से लक्ष्यभाषा में अनुवाद करना।			8		8
• पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाना।	6				6
• वैयक्तिक पत्र लिखना।			8		8
• गद्यांश का डायरी के रूप में विधांतरण करना।		6			6
• गद्यांश का सार संक्षेपण करना।		5			5
• गद्यांश पढ़कर आशय ग्रहण करना।		4			4
• कहानी पढ़कर समझना तथा पात्रों का संवाद तैयार करना।*		6*			6
• दैनिक जीवन के विभिन्न संदर्भों में वार्तालाप/संवाद तैयार करना।*		6*			
• निबंध पढ़कर आशय ग्रहण करना तथा उसका विधांतरण करना।		6			6
• निबंध/आलेख तैयार करना।*			10		10
• कहानी/घटना को संवादात्मक शैली में लिखना।		7			7
• विज्ञापन तैयार करना।		6			6
Total					**80**
**Choiced Questions*					

www.StudyGuideIndia.com

4. SAMPLE QUESTION PAPER - 1

Part II Second Language

HSE II **HINDI** Time : 2½ Hrs.

Max Score : 80

सामान्य निर्देश

- सभी प्रश्न और उनसे संबंधित सूचनाएँ ध्यान से पढ़िए।
- पंद्रह मिनट का *कूल ऑफ़ टाइम* दिया जाएगा। तभी प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आवश्यक समय नियत करें।
- दो प्रश्नों में विकल्प *(choice)* हैं।

सूचना : प्रेम मानव-जीवन का आधार है। प्राचीन काल से लेकर कवियों ने प्रेम का गुण-गान किया है।

- पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
  ढाई अच्छर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।। *(कबीरदास)*
- है कौन-सा वह तत्व, जो सारे भुवन में व्याप्त है,
  ब्रह्मांड पूरा भी नहीं जिसके लिए पर्याप्त है? *(माखनलाल चतुर्वेदी)*
- प्रेम स्वर्ग है, स्वर्ग प्रेम है
  प्रेम अशंक अशोक।
  ईश्वर का प्रतिबिंब प्रेम है
  प्रेम हृदय-आलोक। *(रामनरेश त्रिपाठी)*

1 इन पंक्तियों के आधार पर 'प्रेम का महत्व' विषय पर टिप्पणी लिखें। 8

सूचना : निम्नांकित अंश पढ़ें।

It was a hot summer day. Daisy's father entered the house. "Why do you look tired?" asked Daisy's mother giving him a glass of water. "Well! there was a long queue at the reservation counter. I had to stand there for two hours," he replied. Just then, Daisy entered the room. "Father, did you get the tickets?" She asked eagerly. "Yes dear," he replied. "So, when do we leave for Delhi? I am eager to meet grandfather and grandmother." Daisy said. "Next Monday." Said her father.

2 खंड के आधार पर माता, पिता और बेटी के संवाद हिंदी में लिखें। 8

माता : आप इतने थके हुए-से क्यों?

पिता :

:

:

www.StudyGuideIndia.com

सूचना : निम्नांकित पत्र पढ़ें।

सेवा में

General Manager

Railway Department

तिरुवनंतपुरम।

महोदय,

मैं ने पिछले महीने बीस तारीख को मथुरै एक्स्प्रेस में मथुरा के लिए एक सीट का reservation किया था। Requisition form की सही भर्ती न होने के कारण मुझे छात्र concession नहीं मिला।

आप से विनम्र निवेदन है कि मुझे concession दिलवा देने की कृपा करें।

भवदीय,

अरुण शेखर

मयूर विहार, नई दिल्ली-2

Enclosure : पहचान पत्र

StudyGuideIndia.com

3 अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर उनके समानार्थी हिंदी शब्द रखकर पत्र का पुनर्लेखन करें। 6

सूचना : सनूजा की डायरी का एक पन्ना इसप्रकार है।

- आज होस्टल से निकली तो देर हो गई थी।
- कॉलेज-बस निकल चुकी थी।
- अपने को कोसते हुए बस-स्टॉप पहुँची।
- गाड़ी यात्रियों से खचाखच भरी आई।
- टिकट लेने के लिए पैसा ढूँढ़ा।
- थैली में बटुआ न पाकर भौंचक्का रह गई।

(खचाखच-*over crowded* ; भौंचक्का-घबराया हुआ, *astonished*)

4 सनूजा ने अपनी सहेली कंचन के नाम एक पत्र लिखा। उस पत्र में इस घटना का भी उल्लेख किया था। वह पत्र कल्पना करके लिखें। 8

सूचना : निम्नांकित घटना पढ़ें।

एक गाँव के रास्ते पर एक दिन एक लंगड़ा व्यक्ति बैठा था। अपनी टेकनेवाली लाठी टूट जाने के कारण बेचारा चल नहीं पाता था। वह किसी गाड़ी की प्रतीक्षा करने लगा। इतने में वहाँ एक गाड़ी आई। उसमें अपने को बैठा लेने के लिए उसने प्रार्थना की। परंतु ड्राइवर ने किराया माँगा। उस लंगड़े के पास कुछ नहीं था, इसलिए वह कुछ दे न सका। बहुत देर तक प्रतीक्षा करने के बाद वह एक पेड़ के नीचे बैठा और सो गया। थोड़ी देर बाद जागा तो उसने देखा कि बारिश हो रही है और उसके ऊपर किसी ने कपड़ा ओढ़ दिया है। पास ही एक बालक टूटी हुई लाठी को रस्सी से बाँधकर उसे काम के योग्य बना रहा है। यह देखकर लंगड़े ने उस लड़के से पूछा – 'अरे लड़के! तू क्यों नंगा बैठा है और मेरे ऊपर अपने कपड़े को क्यों डाला है? बालक ने जवाब दिया – 'मैं ने तुम्हें पानी में भीगते देखा। यह मुझे अच्छा नहीं लगा। तुम बूढ़े हो, सर्दी लगने पर बीमार पड़ जाते। मैं बालक हूँ। इससे नंगा रह सकता हूँ। इसलिए मैं ने अपना कोट उतारकर तुम्हारे ऊपर डाल दिया। तुम्हारी लाठी को टूटी हुई देखकर मैं अपनी रस्सी से उसे बाँध रहा हूँ। बालक की ये बातें सुनकर लंगड़े व्यक्ति की आँखों में आँसू भर आए।

(लंगड़ा-जिसका पैर टूटा हो; टेकना-*to support*)

5 लड़के के साथ हुई अपनी मुलाकात के अनुभवों को लंगड़े ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना कल्पना करके लिखें। 6

6 इस घटना का सार संक्षेपित करके लिखें। 5

7 इस घटना के किस पात्र ने आप को अधिक प्रभावित किया? क्यों? 4

8 चातक अपने पुत्र की प्रतीक्षा में व्याकुल है। उसे बीच-बीच में इस बात की चिंता हो रही थी कि पुत्र ने कुल का व्रत तोड़ लिया होगा। अचानक एक दिन सबेरे चातक-पुत्र कोटर पहुँचा।

□ इस प्रसंग में चातक और चातक-पुत्र के बीच हुए संवाद कल्पना करके लिखें। 6

अथवा

मान लें, हरिशंकर आप के पड़ोसी हैं। वे रोज़ सुबह अखबार पढ़ने के लिए आप के घर आते हैं। उसके बारे में आप के माता-पिता के संवाद कल्पना करके लिखें।

www.StudyGuideIndia.com

9 आज की दुनिया में प्रतिष्ठा का प्रश्न 'प्रश्नों का प्रश्न' बना हुआ है। इसी कारण महाविद्यालय के छात्र-प्रवेश में भी हल्ला मच गया था। उसका समाचार अगले दिन के अखबारों में प्रकाशित हुआ। पठित निबंध के आधार पर वह समाचार तैयार करें। 6

सूचना : हिंदी साहित्य सभा में 'गाँव का जीवन भला है या शहर का' विषय पर एक वाद-विवाद आयोजित है। वाद-विवाद में भाग लेने के लिए दो ग्रूप कुछ बिंदुएँ तैयार करके लाए हैं।

ग्रूप 'ए'	ग्रूप 'बी'
प्रयत्नशील	यातायात-सुविधा
भलेमानस	कर्मठ
प्रेमिल	शिक्षित
हरियाली	संस्कृत
अकृत्रिम	तकनीकी विकास
.....	.....

10 माल लें, आप भी इस वाद-विवाद में भाग ले रहे हैं। आप किस ग्रूप के पक्ष में बोलेंगे? अपने मत का समर्थन करते हुए एक आलेख तैयार करें। 10

अथवा

एक समाचार पत्र 'बढ़ती बेकारी' विषय पर एक लेख प्रकाशित करना चाहता है। नीचे की रेखाकृति (*diagram*), दिए गए संकेत और 'भूख' कहानी के आधार पर वह लेख तैयार करें।



बढ़ती बेकारी

जनसंख्या विस्फोट शिक्षा प्रणाली के दोष योजना का अभाव मशीनीकरण सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा	शिक्षा प्रणाली में सुधार मनोभाव में परिवर्तन लघु उद्योगों को प्रोत्साहन

(योजना-*planning*; सुधार-*reformation*)

सूचना : निम्नांकित घटना पढ़ें।

शाम का समय। एक नन्हा-सा बालक अपने साथियों के साथ स्कूल से लौट रहा था। रास्ते में आम का बगीचा था। लड़कों ने आपस में कहा कि क्यों न उस बाग में जाकर फल तोड़कर खाएँ। सब बच्चे राज़ी हो गए। नन्हा बालक चुपचाप एक कोने में खड़ा रहा। साथियों ने उससे जल्दी आम तोड़ने को कहा। इसी बीच बगीचे का माली डंडा घुमाकर चिल्लाते हुए वहाँ आ पहुँचा। सब लड़के भाग खड़े हुए। माली ने नन्हे बच्चे को पकड़ लिया और पूछा कि उसका घर कहाँ है? माली ने उसे उसके पापा के पास ले चलना चाहा। बालक ने कहा कि उसके पिताजी नहीं हैं। तब माली ने उसे उपदेश दिया कि उसे ऐसा काम नहीं करना है। साथियों को चुनते वक्त सतर्क रहना है।

11 इस घटना को संवादात्मक शैली में लिखें। 7

एक नन्हा-सा बालक मित्रों के साथ स्कूल से लौट रहा था।
रास्ते में आम का बगीचा देखा।
पहला : अरे, वह देखो। आम का बगीचा।
:
:
:

www.studyguideindia.com

सूचना : निम्नांकित सूचना पढ़ें।

विज्ञापन तैयार करें
आकर्षक इनाम पाएँ।

अगले साल बाज़ार में आनेवाले नए मॉडल
टी.वी के लिए आकर्षक विज्ञापन आमंत्रित हैं।

श्रेष्ठ विज्ञापन के लिए आकर्षक
इनाम दिया जाएगा।

दर्शन टी.वी कंपनी
34 माल रोड, मुंबई।

12 दर्शन टी.वी कंपनी को भेजने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें। 6

www.StudyGuideMa

5. SCORING KEY

Question No.	*Scoring Indicators*	*SCORE*	
		Per Indicator	*Total*
1	• कवितांशों का आशय लिखा है।	2	
	• 'मिलन' कविता का आशय लिखा है।	2	
	• कविताओं की तुलना करके प्रेम का महत्व विषय पर टिप्पणी लिखी है।	2	
	• अपने मत का समर्थन करके लिखा है।	2	8
2	• अंग्रेज़ी खंड का आशय समझा है।	1	
	• खंड के आशय का भाषांतरण किया है।	2	
	• आशय को संवाद के रूप में लिखा है।	3	
	• संवाद की भाषा-शैली अपनाई है।	2	8
3	• पारिभाषिक शब्दों का सही अनुवाद किया है।		
	◻ महाप्रबंधक	1	
	◻ रेल विभाग	1	
	◻ आरक्षण	1	
	◻ माँग-पत्र	1	
	◻ रियायत	1	
	◻ अनुलग्नक	1	6
4	• डायरी का आशय समझा है।	1	
	• रूपरेखा का पालन करके पत्र लिखा है।	3	
	• पत्रानुकूल भाषा-शैली अपनाई है।	2	
	• अपनी कल्पना के अनुसार पत्र को आकर्षक बनाया है।	2	8
5	• घटना का आशय समझा है।	1	
	• मुख्य बिंदुओं का चयन किया है।	2	
	• डायरी की शैली अपनाई है।	2	
	• कल्पना के अनुसार आकर्षक बनाया है।	1	6

www.StudyGuideIndia.com

Question No.	*Scoring Indicators*	*SCORE*	
		Per Indicator	*Total*
6	• घटना का आशय ग्रहण किया है। • मुख्य बिंदुओं का चयन किया है। • आशय संक्षेप में लिखा है। • उचित शीर्षक दिया है।	1 1 2 1	5
7	• कथावस्तु का विश्लेषण किया है। • इष्ट पात्र की विशेषताएँ लिखा है। • अपने मत का समर्थन किया है।	1 2 1	4
8	• कहानी का नियत प्रसंग समझा है। • संवाद की शैली में लिखा है। • प्रसंगानुकूल भाषा-शैली अपनाई है। • कल्पना के अनुसार संवाद को आकर्षक बनाया है। अथवा • नियत प्रसंग समझा है। • संवाद की शैली में लिखा है। • प्रसंगानुकूल भाषा-शैली अपनाई है। • कल्पना के अनुसार संवाद को आकर्षक बनाया है।	1 3 1 1 1 3 1 1	6 6
9	• निबंध का नियत प्रसंग समझा है। • प्रसंग समाचार के रूप में लिखा है। • रपट की भाषा-शैली अपनाई है। • उचित शीर्षक दिया है।	1 3 1 1	6

www.StudyGuideIndia.com

Question No.	*Scoring Indicators*	*SCORE*	
		Per Indicator	*Total*
10	• बिंदुओं का आशय ग्रहण किया है।	1	
	• विचारों को समेकित किया है।	2	
	• बिंदुओं को विकसित करके लिखा है।	4	
	• आलेख की भाषा-शैली अपनाई है।	1	
	• अपने मत का समर्थन किया है।	1	
	• कल्पना के अनुसार आलेख को आकर्षक बनाया है।	1	10
	अथवा		
	• बिंदुओं का आशय ग्रहण किया है।	1	
	• विचारों को समेकित किया है।	2	
	• रेखाकृति का विश्लेषण किया है।	1	
	• बिंदुओं को विकसित करके लिखा है।	3	
	• आलेख की भाषा-शैली अपनाई है।	1	
	• भूख कहानी से संबंध जोड़ा है।	1	
	• कल्पना के अनुसार आलेख को आकर्षक बनाया है।	1	10
11	• घटना का आशय ग्रहण किया है।	1	
	• घटना का विश्लेषण किया है।	1	
	• घटना को संवादात्मक शैली में लिखा है।	3	
	• प्रसंगानुकूल भाषा-शैली अपनाई है।	1	
	• उचित शीर्षक दिया है।	1	7
12	• सूचना का आशय ग्रहण किया है।	1	
	• उचित विज्ञापन तैयार किया है।	2	
	• संक्षिप्तता है।	1	
	• आकर्षक व प्रभावशाली भाषा का प्रयोग किया है।	2	6

www.StudyGuideIndia.com

6. QUESTIONWISE ANALYSIS

Qn No.	*Curriculum Objectives*	*Mental Process*	*Type of Qn.*	*Score*	*Time (Mts)*
1	• समकालीन कविता पढ़कर आस्वादन करना।	2,3,6 9,10	E	8	15
2	• स्रोतभाषा से लक्ष्यभाषा में अनुवाद करना।	2,3 8,9	E	8	15
3	• पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाना।	2,7,10	O	6	10
4	• वैयक्तिक पत्र लिखना।	2,5,8 9,10	E	8	15
5	• गद्यांश का डायरी के रूप में विधांतरण करना।	2,5,8 9,10	SA	6	35
6	• गद्यांश का सार संक्षेपण करना।	2,4,9 10	SA	5	
7	• गद्यांश पढ़कर आशय ग्रहण करना।	2,6,10	SA	4	
8	• कहानी पढ़कर समझना तथा पात्रों का संवाद तैयार करना।	2,8,9 10	SA	6	10
	• दैनिक जीवन के विभिन्न संदर्भों में वार्तालाप/ संवाद तैयार करना।	2,8,9 10	SA	6	
9	• निबंध पढ़कर आशय ग्रहण करना तथा उसका विधांतरण करना।	2,4,7 8,9	SA	6	10
10	• निबंध/आलेख तैयार करना।	2,4,6 8,9,10	E	10	20
11	• कहानी/घटना को संवादात्मक शैली में लिखना।	2,4,8 9	SA	7	10
12	• विज्ञापन तैयार करना।	2,4,8 9,10	SA	6	10

www.StudyGuideIndia.com